**सीवीपीपीपीएल, निगम मुख्यालय और परियोजनाओं में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में "हर घर तिरंगा" अभियान का आयोजन**

**"Har Ghar Tiranga" campaign organized on the occasion of Azadi ka Amrit Mahotsav at CVPPPL, Corporate Office & Projects.**

लोगों में देश भक्ति की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से "आजादी के अमृत महोत्सव" के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत देश के सभी नागरिकों ने देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर दिनांक 13-15 अगस्त 2022 तक अपने घरों पर तिरंगा फहराया |

इसी अभियान के तहत दिनांक 08.08.2022 को निगम में "हर घर तिरंगा" यात्रा का आयोजन किया गया | इस 'तिरंगा यात्रा' में सीवीपीपीपीएल निगम मुख्यालय में पदस्थ सभी अधिकारीगण व कर्मचारीगण, सुरक्षा कर्मी और संविदा कर्मियों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया | इस दौरान कार्मिकों ने निगम में "राष्ट्रीय ध्वज" के साथ देश भक्ति के नारे लगाए | इसी कड़ी में श्री हसन नदीम, प्रबंध निदेशक महोदय ने दिनांक 13.08.2022 को सीवीपीपीपीएल निगम मुख्यालय में पदस्थ कार्मिकों और सुरक्षा कर्मियों व संविदा कर्मियों को "तिरंगा" वितरित करते हुए सभी कार्मिकों को प्रोत्साहित व प्रेरित किया | कार्यालय के आस-पास सीवीपीपीएल द्वारा स्थानीय लोगों को भी "तिरंगा" वितरित किया गया |

सीवीपीपीपीएल के पकल दुल जल विद्युत परियोजना, किश्तवाड़ में श्री रमेश मुखिया, समूह महाप्रबंधक (सिविल) , परियोजना प्रमुख के नेतृत्व में "हर घर तिरंगा" अभियान का आयोजन किया गया | इस अवसर पर श्री रमेश मुखिया द्वारा सभी कार्मिकों और संविदा कर्मियों तथा ग्रामवासियों को हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु "राष्ट्रीय ध्वज" का वितरण किया गया |

सीवीपीपीपीएल के किरु जल विद्युत परियोजना, किश्तवाड़ में श्री राजेंद्र प्रसाद, समूह महाप्रबंधक (सिविल) , परियोजना प्रमुख के नेतृत्व में "हर घर तिरंगा" अभियान का आयोजन किया गया | इस अवसर पर श्री राजेंद्र प्रसाद द्वारा सभी कार्मिकों और संविदा कर्मियों तथा स्थानीय निवासियों को हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु "राष्ट्रीय ध्वज" वितरण किया गया | इस दौरान दिनांक 13.08.2022 को परियोजना प्रमुख के अगुवाई में 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया | इस 'तिरंगा यात्रा' में परियोजना के सभी कार्मिक और संविदा कर्मियों ने भाग लिया |

सीवीपीपीपीएल के कवार जल विद्युत परियोजना, किश्तवाड़ में श्री राजन जयरथ , परियोजना प्रमुख के नेतृत्व में इस अवसर पर परियोजना प्रमुख द्वारा सभी कार्मिकों और संविदा कर्मियों को हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु "राष्ट्रीय ध्वज" वितरित किया गया | इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्मिकों और ग्रामीणों ने 13 से 15 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता दिवस के दौरान अपने आवास/घर पर तिरंगा फहराया |





सीवीपीपीपीएल, निगम मुख्यालय, जम्मू में “हर घर तिरंगा” का आयोजन






सीवीपीपीपीएल, निगम मुख्यालय, जम्मू  में “हर घर तिरंगा” का आयोजन





पकल दुल जल विद्युत परियोजना,किश्तवाड़  सीवीपीपीपीएल में “हर घर तिरंगा” का आयोजन



**किरू जल विद्युत परियोजना, किश्तवाड़  सीवीपीपीपीएल में “हर घर तिरंगा” का आयोजन**






**कवार जल विद्‌युत परियोजना, किश्तवाड़ सीवीपीपीपीएल में "हर घर तिरंगा" का आयोजन**